STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Subject: 2nd language (Hindi)

Topic: Grammar.

Class: VI

Date: 8/06/20

Time : 30 minutes

Worksheet no: 14

दिए गए वचन पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके सारे नियम अच्छे से समझने का प्रयास कीजिए

वचन

शब्द के जिस रूप से उसके एक अथवा अनेक होने का बोध होता है, उसे 'वचन' कहते हैं।

वचन के दो भेद होते हैं–

वचन
- **एकवचन**
- **बहुवचन**

एकवचन– शब्द के जिस रूप से एक ही वस्तु का बोध होता है, उसे 'एकवचन' कहते हैं। जैसे– लड़का, गाय, सिपाही आदि।

बहुवचन– शब्द के जिस रूप से अनेकता का बोध होता है, उसे 'बहुवचन' कहते हैं। जैसे– लड़के, गायें, कपड़े आदि।

एकवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग

क. आदर के लिए भी बहुवचन का प्रयोग होता है। जैसे– भीष्म पितामह ज्ञानी थे।

ख. बड़प्पन दर्शाने के लिए वह के स्थान पर वे और मैं के स्थान हम का प्रयोग करते हैं। जैसे– आज गुरुजी आए।

बहुवचन के स्थान पर एकवचन का प्रयोग

क. तू एकवचन का बहुवचन रूप तुम है। सभ्य लोग लोक-व्यवहार में एकवचन के लिए तुम का ही प्रयोग करते हैं जैसे– तुम कब आए?

ख. वर्ग, वृंद, दल, गण, जाति आदि शब्द अनेकता को प्रकट करने वाले हैं। इनका व्यवहार एकवचन के समान होता है। जैसे– निम्न जाति संघर्षरत है।

ग. जातिवाचक शब्दों का प्रयोग एकवचन में किया जा सकता है। जैसे– नागपुर के संतरे स्वादिष्ट होते हैं।

बहुवचन बनाने के नियम

1. अंतिम अ को एँ कर देने से -

एकवचन	बहुवचन
पुस्तक	पुस्तकें
सड़क	सड़कें
गाय	गायें
बात	बातें



2. अंतिम 'आ' को 'ए' कर देने से -

एकवचन	बहुवचन
घोड़ा	घोड़े
कौआ	कौए
केला	केले
बेटा	बेटे

3. अंतिम 'आ' के आगे 'एँ' लगा देने से -

एकवचन	बहुवचन
कन्या	कन्याएँ
कला	कलाएँ
कविता	कविताएँ

4. इकारांत अथवा ईकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'याँ' लगा देने से दीर्घ ई को ह्रस्व इ कर देने से -

एकवचन	बहुवचन
बुद्धि	बुद्धियाँ
कली	कलियाँ
कॉपी	कॉपियाँ
थाली	थालियाँ

5. स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में या को आँ कर देने से -

एकवचन	बहुवचन
खटिया	खटियाँ
बिटिया	बिटियाँ
चिड़िया	चिड़ियाँ
बुढ़िया	बुढ़ियाँ

6. अंतिम उ, ऊ और औ के साथ एँ लगाने से दीर्घ ऊ के स्थान पर ह्रस्व उ हो जाता है-

एकवचन	बहुवचन
धातु	धातुएँ
वधू	वधूएँ
वस्तु	वस्तुएँ



7. दल, वृंद, वर्ग, जन, लोग, गण आदि शब्द जोड़ने से-

एकवचन	बहुवचन
अध्यापक	अध्यापकवृंद
मित्र	मित्रवर्ग
विद्यार्थी	विद्यार्थीगण
सेना	सेनादल
आप	आप लोग
श्रोता	श्रोताजन

8. कुछ शब्दों के रूप 'एकवचन' और 'बहुवचन' दोनों में समान होते हैं। जैसे-

एकवचन	बहुवचन
क्षमा	क्षमा
गिरि	गिरि

एकवचन	बहुवचन
नेता	नेता
क्रोध	क्रोध

संज्ञाओं के साथ ने, को, से आदि परसर्ग होने पर 'ओ' लगाने से-

एकवचन	**बहुवचन**
लड़के को बुलाओ	लड़कों को बुलाओ
बच्चे ने खाना खाया	बच्चों ने खाना खाया

संबोधन में 'ओ' जोड़कर बहुवचन बनाया जाता है। जैसे- मित्रों! ध्यान से सुनो। भाइयों! आगे बढ़ो।

कुछ अन्य नियम

१. प्रत्येक या हर एक के साथ आने वाली संज्ञा हमेशा एकवचन में होगी, जैसे- (क) प्रत्येक छात्र ने पुस्तक पढ़ी।(ख)हर एक आदमी ने रमेश की सराहना की।

२. भाववाचक संज्ञा ए अधिकतर एकवचन में होती हैं जैसे-(क) सत्य बोलना सबसे बड़ा गुण होता है।

३. कुछ शब्द सदा एकवचन में ही रहते हैं, जैसे- पानी, जनता, भीड़,आदि।

४. धातु वाचक संज्ञा ए हमेशा एकवचन में रहती हैं, जैसे -(क)सोना महंगा है। (ख)चांदी सस्ती है।

५. कुछ शब्द हमेशा बहुवचन में ही प्रयुक्त होते हैं, जैसे- समाचार, प्राण, आंसू ,दर्शन ,आदि।